ने कई वर्षों तहत शहर में मुख्य मुद्दा कचरा संग्रहण है। कचरा अमूल्य सहयोग दिया है।

# साइबर शिक्षा, साइबर सुरक्षा अभियान में छात्रों का चयन



लातूर | राजर्षि शाहू कॉलेज स्वायत्त और क्विक हील फाउंडेशन, पुणे ने एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर सामंजस्य करार किए है। साइबर शिक्षा साइबर सुरक्षा पहल पिछले तीन वर्षों से लातूर और आसपास के जिलों में लागू की गई है। शाहू कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गव्हाने ने इस वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने छात्रों को प्रोत्साहित किया है।

**प्रशिक्षण पुणे में आयोजित हुआ था-** इस वर्ष, इस पहल के लिए कॉलेज के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के बीएससीसीएस, बीएस्सीसीए कक्षाओं के विद्यार्थी यज्ञेश शिंदे (प्रेसिडेंट), शैलेश जामगे (सेक्रेटरी), गायत्री हुडगे कम्युनिटी डायरेक्टर एवं जीत बुधोडकर (मीडिया डायरेक्टर) यह विद्यार्थी की लब ऑफिससर पद पर चुना गया है। प्रा. ज्योति माशालकर व प्रा. श्रद्धा पवार को शिक्षक समन्वयक के रूप में चुना गया है। प्रशिक्षण पुणे के विमान नगर में क्विक हील कंपनी के मुख्यालय में आयोजित किया गया था। ये क्लब पदाधिकारी इंटरनेट के कारण होने वाले साइबर अपराधों, दुष्परिणामों और सावधानियों के बारे में समाज में जागरूकता पैदा करेंगे। पिछले वर्ष कॉलेज के राष्ट्रीयस्तर के स्मार्ट साइबर क्लब और कॉलेज के सर्वश्रेष्ठ सचिव का पुरस्कार राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने प्रदान किया था। साथ ही, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महादेव गव्हाने ने विद्यार्थियों को इस वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। समाज में साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। चयन पर डॉ. गोपालराव पाटिल, उप-प्राचार्य डॉ. पंढरीनाथ देशमुख, सचिव प्राचार्य अनिरुद्ध जाधव, उप-प्राचार्य प्रो. सदाशिव शिंदे, डॉ. अभिजीत यादव, प्रो. विश्वनाथ पंचाल ने बधाई दी।